जागरण

# कोडरमा में नकली शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन, सरगना गिरफ्तार

Publish Date:Fri, 23 Oct 2020 12:13 PM (IST)Author: **Sujeet Kumar Suman**

*Jharkhand Koderma Crime News जिले के कोलगरमा में पुलिस टीम ने छापेमारी की। मैकडॉवेल ब्रांड के करीब 200 बोतल तैयार नकली शराब बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार यहां शराब की बॉटलिंग और पैकिंग की जाती थी।*

**कोडरमा, जासं।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलगरमा में नकली शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन हुआ है। कोडरमा थाना पुलिस एवं उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से छापामारी कर शराब तैयार करने की मशीन, बोतल और विभिन्न ब्रांडों के रैपर बरामद किया है। इस दौरान मैकडॉवेल ब्रांड के करीब 200 बोतल तैयार नकली शराब बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार यहां शराब की बॉटलिंग व पैकिंग की जाती थी। फिलहाल नकली शराब के सरगना बासु साव को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पूर्व में भी बासु साव अवैध शराब के धंधे में जेल की हवा खा चुका है। कुछ माह पूर्व कोडरमा थाना क्षेत्र के ही छतरबर में भारी संख्या में अंग्रेजी शराब बरामद की गई थी। इस मामले में भी बासु साव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

फिलहाल उत्पाद विभाग एवं कोडरमा थाना पुलिस मामले की गहनता से छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि कई दिनों से यहां फैक्ट्री संचालित थी और शराब तैयार कर बिहार भेजी जा रही थी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी कोडरमा जिले के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत ढोढा कोला जंगल और झुमरीतिलैया के रोहनियाटांड़ में शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया था।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/ranchi-police-exposed-fake-mini-factory-of-liquor-in-koderma-today-master-mind-arrested-jharkhand-news-20936075.html